Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- भीलवाड़ा में शहजाद मोहम्मद, अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शाहपुरा व ठेकेदार बनवारीलाल व मोडूराम धाकड को रिश्वत राशि 4,04,000/– रूपये के साथ लेनदेन करते गिरफ्तार।
- आवास व अन्य ठिकानो पर तलाशी जारी।

जयपुर, 05 मई 2026, मंगलवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा–प्रथम चौकी द्वारा कार्यवाही करते हुए **आरोपी शहजाद मोहम्मद हाल अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शाहपुरा** द्वारा पीडबल्यूडी के ठेकेदारो से उनके द्वारा करवाये गये कार्यों की ऐवज में स्वयं के लिये तथा **अधीक्षण अभियंता खेमचंद मीणा के लिये ठेकेदार मोडूराम धाकड, बनवारीलाल** व अन्य ठेकेदारो से कलेक्शन कर भारी रिश्वत राशि ग्रहण करते हुये गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में सूत्र सूचना प्राप्त होने पर ब्यूरो की टीम द्वारा निगरानी रखने पर संदिग्ध लोकसेवकों व प्राईवेट व्यक्तियों द्वारा भ्रष्टाचार किया जाना पाया गया।

जिसपर आज एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में भ्र.नि.ब्यूरो, भीलवाडा प्रथम के **उप अधीक्षक पुलिस श्री पारसमल** एवं टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद, ठेकेदार मोडूराम धाकड व बनवारीलाल ठेकेदार को कलेक्ट्रेट कार्यालय भीलवाडा में रिश्वत राशि लेनदेन करते हुये एवं साथ ही आरोपी शहजाद मोहम्मद अधिशाषी अभियंता के कब्जे से 4,04,000/– रूपये की रिश्वत राशि के साथ गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।